# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक: रू०वि० / प०नि०का० / 2026 / 1339 दिनांक: 17.08.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के स्नातक (UG) एवं परास्नातक (PG) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विशेष बैक पेपर परीक्षा दिनांक 19 अगस्त 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 03.09.2026 को सम्पन्न होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस विशेष बैक पेपर परीक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं विषयों के लगभग 24,621 परीक्षार्थी विभिन्न प्रश्नपत्रों में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 53 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

**परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी।**

प्रथम पाली प्रातः 8.00 बजे से 10.00 बजे तक

द्वितीय पाली दोपहर 11.00 बजे से 1.00 बजे तक

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) जारी कर दिए गए है। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने प्रवेश–पत्र को विश्वविद्यालय की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डाउनलोड कर लें तथा परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पर्याप्त पूर्व उपस्थित हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश–पत्र के साथ आवश्यक पहचान–पत्र लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा संबंधी सभी नियमों एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं। परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन एवं अन्य डिजिटल उपकरण न लाये। परीक्षा के दौरान उक्त उपकरण पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. मीडिया प्रभारी, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त दैनिक समाचार पत्रों नि:शुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

17.8.26

परीक्षा नियंत्रक